सूर्य नमस्कार शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी : गोपाल राम

बीकानेर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सूर्य सप्तमी के पूर्व दिवस पर सोमवार को माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय परिसर में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने सूर्य नमस्कार किया। प्रारंभिक शिक्षा के अतिरिक्त निदेशक गोपाल राम बिरड़ा ने बताया कि कार्मिकों ने सूर्य नमस्कार की बारह क्रियाएं की। इस असवर पर उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार का अभ्यास सभी आयु वर्ग के व्यक्ति कर सकते हैं। यह अभ्यास सहज है। सूर्य नमस्कार का निरंतर अभ्यास शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत उपयोगी होता है। स्टाफ ऑफिसर डॉ. अरूण शर्मा ने कहा कि आज दुनियां ने सूर्य नमस्कार की वैज्ञानिकता को माना है। हमारे देश में योग और प्राणायाम सदियों से नियमित दिनचर्या के हिस्सा रहे हैं। आज के भागदौड़ और मानसिक दवाब के दौर में इसकी उपयोगिता और बढ़ जाती है।

माध्यमिक और प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने सूर्य नमस्कार किया।

- **योग गुरू दीपक शर्मा के निर्देशन में सूर्य नमस्कार का सामूहिक अभ्यास किया गया**
- **सूर्य नमस्कार न केवल शारीरिक लचीलापन और शक्ति बढ़ाता है, बल्कि यह मानसिक तनाव को कम करने, हृदय तथा स्वास्थ्य को सुधारने में भी सहायक है**

उपनिदेशक (खेलकूद)अरविंद व्यास ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया। योग गुरू दीपक शर्मा के निर्देशन में सूर्य नमस्कार का सामूहिक अभ्यास किया गया। इसमें क्रीड़ा भारती की प्रतिनिधि शुंभागी सुथार व भारती सुथार का सहयोग रहा। नालन्दा पब्लिक सी.सै. स्कूल में आज प्रातः सूर्य सप्तमी के उपलक्ष में राजस्थान शिक्षा निदेशक के निर्देशानुसार पूरे राजस्थान में हुए सूर्य नमस्कार के साथ-साथ शाला के बच्चों, अध्यापक, अध्यापिकाओं, अभिभावकों एवं अन्य गणमान्य लोगों ने सूर्य नमस्कार किया। शाला प्राचार्य राजेश रंगा ने सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के बाद सूर्य नमस्कार से होने वाले फायदों के बारे में बताते हुए कहा कि सेहतमंद रहने के लिए अपनी दिनचर्या में व्यायाम को शामिल करना बहुत जरूरी है। अगर आप अपने शरीर को सही आकार देना चाहते हैं, मन को शांत रखना चाहते हैं तो सूर्य नमस्कार इसके लिए बहुत लाभकारी है।

नियमित रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास करने से आप फिट तो रहते ही हैं। साथ ही आपकी रोगों से लड़ने की क्षमता भी बढ़ती है। सूर्य नमस्कार के नियमित अभ्यास से शरीर लचीला होता है और आप मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। शाला की अध्यापिका हेमलता व्यास ने बताया कि सूर्य नमस्कार में 12 चरण होते हैं। इन चरणों के अलग-अलग नाम होते हैं, जिनको बताया और इनको अलग-अलग तरह से किया जाता है। सूर्य नमस्कार को महिला, पुरूष, बच्चों और हर आयु वर्ग के लोगों द्वारा किया जाता है। जो लोग नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करते हैं, उनका शरीर सेहतमंद रहता है यदि आप खुद को अंदर में मजबुत रखना चाहते है तो सूर्य नमस्कार का नियमित अभ्यास करें। हेमलता व्यास ने बच्चियों के बारे में सूर्य नमस्कार के अलग-अलग हर स्टेप के बारे में बताया। जिससे शरीर के किस अंग की पुष्टि होती है, उसकी जानकारी दी।

जवानों ने किया सूर्य नमस्कार : सूर्य सप्तमी के पूर्व दिवस पर सोमवार को पुलिस लाइन में प्रातः 7.30 बजे सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीओ सिटी श्रवणदास संत ने बताया कि कार्यक्रम में योग गुरू दीपक शर्मा के निर्देशन में पुलिस के जवानों द्वारा सूर्य नमस्कार का सामूहिक अभ्यास किया गया। योग शिक्षक मोहित राजपुरोहित एवं शुभांगी सुथार ने सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया और इसके स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला। योग गुरू शर्मा ने बताया कि सूर्य नमस्कार न केवल शारीरिक लचीलापन और शक्ति बढ़ाता है, बल्कि यह मानसिक तनाव को कम करने, हृदय स्वास्थ्य को सुधारने और शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने में भी सहायक है। सीओ सिटी श्रवण दास संत ने कहा कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में सूर्य नमस्कार एक बेहतरीन तरीका है शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाए रखने का। हमें सूर्य नमस्कार को एक योग आसन तक सीमित न रखकर इसे हमारी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए ताकि हम स्वस्थ और ऊर्जावान जीवन जी सके। कार्यक्रम के समापन पर संचित निरीक्षक कविता पूनिया ने कहा कि सूर्य नमस्कार करने से हम शारीरिक रूप से मजबूत और मानसिक रूप से शांत रहते हैं।

उत्तर मैट्रिक छात्रवृति आवेदन की तिथि बढ़ाई

बीकानेर,(कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना के तहत कक्षा 11 व 12 के अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों द्वारा पेपरलेस ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक बढ़ाई गई है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार ने बताया कि जिन महाविद्यालयों द्वारा संबधित विश्वविद्यालय से शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मान्यता सम्बद्वता एवं पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति प्राप्त पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अथवा अपडेशन नहीं किया है वे संस्थाएं छात्रवृति पोर्टल पर विद्यार्थियों को प्रदर्शित नहीं होगी। इसके अभाव में महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकेंगे। इसके लिए शिक्षण संस्थानों को छात्रवृति पोर्टल पर पंजीयन करने से पूर्व विभिन्न अर्हता प्राप्त कर छात्रवृति पोर्टल पर 20 मार्च तक पंजीयन किया जाना अनिवार्य है। संयुक्त निदेशक पंवार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राजस्थान के मूल निवासियों के लिए अनुसूचित जाति अनुजनजाति विशेष समूह योजना पूर्व में विशेष पिछड़ा वर्ग अन्य पिछड़ा वर्ग आर्थिक पिछड़ा वर्ग विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु मिरासी एवं भिश्ती मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं में राज्य की राजकीय एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर संचालित राजकीय एवं राष्ट्रीय स्तर की शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेशित एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा वेबसाइट अथवा एसएसओ पोर्टल पर स्कॉलरशिप एसजेई ऐप अथवा मोबाइल ऐप एसजेईडी एप्लीकेशन के माध्यम से पेपरलेस आवेदन पत्र ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

सार-समाचार

होम्योपैथिक जांच एवं परामर्श शिविर

होम्योपैथिक जांच एवं परामर्श शिविर में 160 रोगियों की जांच करके दवाईयां दी।

बीकानेर, (कासं)। बसंत पंचमी से जहां देश भर में मौसम का रूख बदलने लगता है। ऐसे में इसका प्रतिकूल असर स्वास्थ्य और भी पड़ता है। इसी को ध्यान में रख रोटरी क्लब बीकानेर रॉयल्स एवं जुबली नागरी भंडार के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय होम्योपैथिक जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब रॉयल्स के सचिव सुनील चमड़िया ने बताया कि जुबली नागरी भण्डार स्थित माता सरस्वती मंदिर में बसंत पंचमी के अवसर पर आने वाले भक्तों की सेवार्थ इस शिविर का आयोजन किया गया। प्रकल्प संयोजक रोटे. राजेश खत्री ने बताया कि शहर में प्रमुख होम्योपैथिक चिकित्सकों डॉ गरिमा खत्री, डॉ पुनीत खत्री, डॉ दिनेश कुमार ने इस निःशुल्क शिविर में सेवाएं प्रदान की। प्रकल्प संयोजक रोटे. ऋषि धामु ने बताया कि इस शिविर में आवश्यकता के अनुरूप मरीजों को जांच के उपरांत खत्री मेडिकल एजेंसी के सहयोग से निःशुल्क दवाएं उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में लगभग 160 से अधिक मरीजों की जांच की गई। कार्यक्रम के अंत में क्लब अध्यक्ष रोटे. गोपाल अग्रवाल, वरिष्ठ रोटे. विपिन लड्ढा एवं मनोज सोलंकी सहित जुबली नागरी भंडार के पदाधिकारियों द्वारा चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया गया एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए। शिविर में क्लब अध्यक्ष रोटे. गोपाल अग्रवाल, सचिव सुनील चमड़िया, विपिन लड्ढा, राजेश खत्री, नवीन चौहान, मनोज सोलंकी, विनय बिस्सा, ऋषि धामु, विनोद माली, अंकुश चमड़िया, डॉ पुनीत खत्री, मनीष चमड़िया आदि ने सेवाएं प्रदान की।

दूध के 15 में से 14 सैम्पल फैल

गंगाशहर स्थित महावीर चौक सरस बूथ संख्या-433 पर आयोजित शिविर में दूध के सैम्पलों की जांच की गई।

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन लि.(आरसीडीएफ) जयपुर के निर्देशानुसार उरमूल डेयरी बीकानेर के विपणन व गुण नियंत्रण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'दूध का दूध और पानी का पानी-शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान में आम उपभोक्ताओं के घर आने वाले खुले दूध की मशीनों और जांच किट स्ट्रिप्स के माध्यम से शुद्धता की जांच कर मौके पर ही रिपोर्ट बता कर आमजन को नकली व मिलावटी दूध से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति स्थानीय उरमूल डेयरी द्वारा जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 17 फरवरी तक चलेगा। रविवार को छोड़कर सोमवार से शनिवार तक प्रतिदिन निर्धारित समय व स्थान पर जांच शिविर आयोजित किया जाता है। उरमूल डेयरी के एमडी बाबूलाल बिश्नोई ने बताया कि बीकानेर में अब तक कुल 415 दूध के सैम्पल आये जिनमें से केवल 61 सैम्पल पास हुए। शेष सभी सैम्पल फैल पाये गए। आज का दूध जांच शिविर महावीर चौक, गंगाशहर स्थित सरस बूथ संख्या-433 पर आयोजित किया गया। अभियान प्रभारी शुभम गुलाटी ने बताया कि कुल 15 सैम्पल आये जिसमें से 14 सैम्पल फैल और केवल एक सैम्पल पास हुआ। दो-दो सैम्पल ऐसे भी पाये गए जिनमें स्टार्च और सुक्रोज की मिलावट पाई गईतथा एक सैम्पल जिसमें स्टार्च, सुक्रोज, साल्ट, ग्लूकोज सभी की मिलावट पाई गई। बूथ संचालक सुखदेव ने भी जांच शिविर में सहयोग किया। उरमूल डेयरी की तरफ से दूध जांच करवाने वाले उपभोक्ताओं को उरमूल डेयरी की ओर से फ्री गिफ्ट हैम्पर दिया जाता है। आज के अभियान में कुछ दूधियों को रोककर उनके दूध की जांच की गई।

कांग्रेस उम्मीदवार ने भरा पर्चा

बीकानेर, (कासं)। राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान द्वारा राज्य की पंचायती राज संस्थाओं में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए जिला प्रमुख, प्रधान, उप प्रधान, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, उप सरपंच और ग्राम पंचायत के वार्ड पंचों के रिक्त पदों पर उप चुनाव कराने की घोषणा की है। इसी क्रम में बीकानेर जिले में जिला परिषद सदस्य वार्ड संख्या 8 एवं तीन ग्राम पंचायतों के वार्ड पंचों के लिए मतदान आगामी 14 फरवरी को तथा मतगणना 15 फरवरी को होगी। जिला परिषद के वार्ड नं 08 के उपचुनाव के लिए नाम निर्देशन के अंतिम दिन आज कांग्रेस पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के रूप में कुदसू निवासी सम्पतलाल फौजी ने अपना नाम निर्देशन प्रपत्र जिला कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी को पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल के सानिध्य में सौंपा तथा पार्टी सिम्बल जिला संगठन महासचिव मार्शल प्रहलाद सिंह ने सौंपा। इससे पहले नोखा उपखण्ड अधिकारी के समक्ष तथा देहात कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिशनाराम सियाग, डेयरी चेयरमैन नोपाराम जाखड़ के सानिध्य में नाम निर्देशन प्रपत्र भरकर चैक करवाया गया। इस अवसर पर चेतनराम, हनुमानराम, किसनाराम, मनीराम, सहीराम, बनवारी, रायचंद, प्रकाश आदि मौजूद थे।

नहरबंदी में 11 नई टंकियों से टेल तक पहुंचेगा पानी

बीकानेर,(कासं)। मार्च में शुरू होने वाली नहरबंदी से पहले जलदाय विभाग कई महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है जिससे जनता की समस्याएं दूर हो सकें। सबसे बड़ा कदम नई पानी की टंकियों का है। 6 नई पानी की टंकियां बनकर तैयार हैं।

इनमें पटेल नगर, करणीसिंह स्टेडियम, धरणीधर इलाका, सैटेलाइट एरिया, चौधरी कॉलोनी और महानंद इलाके टंकियां बनकर तैयार हैं। इसके अलावा करमीसर, पूगल फांटा, सर्किट हाउस, जवाहर नगर की टंकियों का काम 80 प्रतिशत पूरा हो गया। पीबीएम अस्पताल, नगर निगम के भंडार इलाका और गोपेश्वर बस्ती की टंकी का काम शुरू हो गया। कुछ का 30 प्रतिशत तो कुछ का 50 प्रतिशत काम पूरा हो गया। एक मात्र फोर्ट स्कूल वाली टंकी बची है जिसका निर्माण शुरू नहीं हो पाया। यानी छह बन चुकी टंकियों के अलावा पीएचईडी की कोशिश है कि मार्च में नहरबंदी शुरू होने से पहले 80 प्रतिशत बन चुकी टंकियों को भी पूरा करा दें। ऐसे करीब 11 टंकियां नहरबंदी से पहले काम में आ जायेगी। इन 11 टंकियों के बनने से शहर के 21 से ज्यादा टेल इलाके कवर हो जायेंगे। यानी उन टेल इलाकों का एरिया कम होने से टेल तक आराम से पानी पहुंच जायेगा। करणी सिंह स्टेडियम टंकी से जुड़े जिन टेल के इलाकों में पानी बूंद-बूंद पहुंचता था वहां इस बार गर्मियों में पूरा पानी मिलेगा। वजह नई टंकी तैयार है। पहले टंकी 1100 किलोलीटर की थी और अब 1500 किलोलीटर की टंकी बनकर तैयार है।

- **पीएचईडी की कोशिश है कि मार्च में नहरबंदी शुरू होने से पहले 80 प्रतिशत बन चुकी टंकियों को भी पूरा करा दें**

नत्थूसर टंकी से जुड़े पारीक चौक, पाबूबारी, कसाईबारी जैसे टेल इलाकों की समस्या भी इस बार हल हो जायेगी। क्योंकि सैटेलाइट पर भी टंकी बनकर तैयार है। इस बार गर्मी शुरू होने से पहले सैटेलाइट टंकी से जलापूर्ति शुरू कर दी जायेगी। राजेश राजपुरोहित, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, पीएचईडी बीकानेर का कहना है कि नहरबंदी के दौरान सबसे ज्यादा दिक्कत टेल इलाके में होती हैं। 6 टंकी बन गई 5 और बनकर तैयार हैं। इन 11 टंकियों से ज्यादातर टेल इलाकों का एरिया डिवाइड हो जाएगा। इससे अब टेल पर दिक्कत नहीं होगी।

दो बाइक की भिड़ंत में शिक्षक की मौत

नोखा, (कासं)। नोखा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक शिक्षक की मौत हो गई। माडिया के पास हुए इस हादसे में दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें हिम्मटसर निवासी शिक्षक संपत मांझू (35) की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में पूगल निवासी शिवलाल नाई और माडिया निवासी गंगाविशन बिश्नोई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को पहले नोखा के बागड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बीकानेर रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार मृतक शिक्षक नोखा से अपने गांव हिम्मटसर की ओर जा रहा था। जबकि दोनों घायल नोखा की तरफ आ रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मोटरसाइकिलें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है।

बंद होटल के कमरे में जाकर फांसी लगाई

बीकानेर, (कासं)। यहां जयपुर-जोधपुर बाइपास पर बंद पड़े एक होटल में 49 साल के व्यक्ति ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया।

ये व्यक्ति बिना किसी को सूचना दिए घर से निकल गया था। दिनभर घर वाले तलाश करते रहे लेकिन नहीं मिला। एक बंद होटल के कमरे में शव पंखे से झूलता मिला। फिलहाल पुलिस ने मर्ग दर्ज करने के साथ ही मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में तिलक नगर में रहने वाले महेन्द्र कुमार जाट ने पुलिस को इस संबंध में रिपोर्ट दी है। महेन्द्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उसके पिता बीरबल राम जाट एक फरवरी को सुबह घर से निकल गए थे। वे अपना मोबाइल घर पर छोड़कर गए थे। दिनभर तलाश के बाद भी बीरबल राम के बारे में कोई सूचना नहीं मिली। रविवार सुबह पुलिस ने फोन करके बताया कि केमल फॉर्म के पास एक बंद पड़े होटल में शव मिला है। इस पर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे, जहां उसकी शिनाख्त हो गई। सुसाइड के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। सुसाइड नोट मिला या नहीं इस बारे में पुलिस ने स्थिति स्पष्ट नहीं की है।

कारतूस सहित पकड़ा : श्रीगंगानगर में एक युवक को अवैध रूप से कारतूस लेकर घूमते को पकड़ा गया है। यह कार्रवाई कोतवाली पुलिस की ओर से की गई है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। ड्यूटी अधिकारी एएसआई रमेशकुमार ने बताया कि गश्त के दौरान सिविल लाइन से युवक को पुलिस को देखकर छिपने की कोशिश में संदेह के आधार पर डिटेन किया गया। आरोपी पंजाब के फाजिल्का जिले के गांव केराखेड़ा निवासी प्रवीण कुमार पुत्र पालाराम के पास से तलाशी में 32 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

नोखा के मोहनपुरा में गंदे पानी की सप्लाई

नोखा, (कासं)। नोखा स्थित मोहनपुरा के रामदेव मन्दिर के पास मोहल्ले में पिछले दो दिनों से जारी गंदे पानी की सप्लाई से स्थानीय निवासी परेशान हैं। क्षेत्र के करीब 100 से अधिक परिवार इस समस्या से जूझ रहे हैं।

मोहल्लेवासी पुरुषोत्तम हटीला के अनुसार पीने के पानी में सीवरेज का मिश्रण होने की आशंका है। पुरानी और जर्जर पाइपलाइनों के कारण या तो पेयजल लाइन या सीवरेज लाइन में लीकेज हो गया है, जिससे घरों में आने वाले पानी में दुर्गन्ध आ रही है। स्थानीय निवासियों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर समस्या से अवगत कराया लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है।

- **पुरानी पड़ चुकी पाइपलाइनों की समय पर मरम्मत नहीं होने से यह स्थिति उत्पन्न हुई**

विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से नाराज लोगों में रोष व्याप्त है। दूषित जल की आपूर्ति से क्षेत्र में बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। जलदाय विभाग की लापरवाही और पुरानी पड़ चुकी पाइपलाइनों की समय पर मरम्मत न होने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। स्थानीय लोगों की मांग है कि इस गंभीर समस्या का तत्काल समाधान किया जाए और पुरानी पाइपलाइनों को नई लाइनों से बदला जाए।

कोहरे के साथ ओस की बूंदें

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले में पिछले पांच दिनों से छाये कोहरे और धुंध ने जनजीवन को प्रभावित किया है। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से वाहनों की गति धीमी पड़ गई है, जबकि आम लोगों को ठिठुरन का सामना करना पड़ रहा है।

यह मौसम किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धुंध और ओस की बूंदों से गेहूं, जौ और सरसों की फसलों को विशेष लाभ मिल रहा है। फरवरी में बढ़ी सर्दी ने फसलों को नई जान दी है, जो पहले तेज धूप के कारण कमजोर पड़ रही थी। बारानी क्षेत्रों में सरसों और चने की फसल में अच्छी पैदावार की उम्मीद है। मौसम विभाग ने मौसम में बदलाव की भविष्यवाणी की है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण कई जगह बादल छाने के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

आपत्तिजनक वीडियो बना ब्लैकमेलिंग मामले में रिमांड पर

श्रीगंगानगर, (कासं)। कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कारोबारी प्रेम गोदारा को अदालत में पेशकर दोबारा एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

इस गिरफ्तारी पर आरोपी के परिवार जनों ने सवाल खड़े करते हुए जिला पुलिस के परिवादी के भारी दबाव में काम करने के आरोप लगाए हैं। हालांकि पुलिस ने इसे कानून सम्मत कार्रवाई बताया है। लेकिन आरोपों में सच्चाई भी दिखाई पड़ रही है। यह मामला 17 अक्टूबर को दर्ज करवाया गया था। परिवादी बार एसोसिएशन के सदस्य एडवोकट हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी प्रेम गोदारा पर एआई की मदद से आपत्तिजनक वीडियो बनाकर भेजते हुए ब्लैकमेल करने के आरोप लगाये गए। इसमें पीड़ित ने आरोपी की पत्नी को भी इसमें शामिल बताया। मामले में कोतवाली पुलिस ने 30 जनवरी को आरोपी को गिरफ्तार कर 31 जनवरी को अदालत में पेश किया। एक दिन के रिमांड पर लिया। दो फरवरी को वापस सूरतगढ़ की अदालत में पेशकर एक दिन के रिमांड पर लिया। पूरे मामले में आरोपी प्रेम गोदारा की भानजी एडवोकेट भावना झोरड़ ने सवाल खड़े किए हैं। एडवोकट झोरड़ ने बताया कि उसके मामा प्रेम गोदारा को 29 दिसम्बर की दोपहर को कोतवाली पुलिस ने घर से अवैध तरीके से बिना नोटिस दिए हिरासत में लिया। इसके बाद 14 घंटे तक अवैध हिरासत में रखा और उनकी तरफ से थाने में जाकर पूछा गया तो रात को थाने में हंगामा करने के आरोप में प्रेम गोदारा को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तारी दिखाई गई। जबकि उनको घर से उठाकर पुलिस ही लेकर गई थी।

- **गिरफ्तारी पर आरोपी के परिजनों ने सवाल खड़े करते हुए पुलिस पर परिवादी के दबाव में काम करने के आरोप लगाए**

संभाग स्तरीय आरोग्य मेला 8 से, कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा

बीकानेर, (कासं)। संभाग स्तरीय आरोग्य मेला 8 से 11 फरवरी तक एमएम ग्राउंड में आयोजित होगा। जिला प्रशासन और आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले मेले की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को बैठक हुई।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि मेले के आयोजन से जुड़े सभी विभाग पूर्ण गंभीरता से कार्य करें और सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आरोग्य मेले का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले। इसके मद्देनजर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने मेले में प्रवेश, निकास, बैठक, स्टाल आवंटन, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, योगाभ्यास, प्रदर्शनी सहित सभी व्यवस्थाओं के बारे में जाना।

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित संभाग स्तरीय आरोग्य मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. प्रभुदयाल जाट ने बताया कि मेले में विभिन्न क्लीनिक लगाई जायेगी। इनमें पंचकर्म चिकित्सा, क्षारसूत्र, अग्निकर्म, विभिन्न रोगों से संबंधित क्लीनिक, प्रातःकालीन योग सत्र, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा, होम्योपैथी चिकित्सा आदि की सुविधाएं दी जायेगी। क्षेत्रीय औषधीय पादप की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। आयुष विभाग से संबंधित सभी गतिविधियों व संपूर्ण जानकारी विभिन्न पोस्टर फ्लेक्स के माध्यम से प्रदर्शित की जायेगी। रोगियों को विशेष औषधियों से निर्मित औषधि योग निःशुल्क दिए जायेंगे। स्कूली विद्यार्थियों एवं आमजन के लिए विशेष व्याख्यान आयोजित किए जायेंगे। प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम भी होगी। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

- **रोगियों को विशेष औषधियों से निर्मित औषधि योग निशुल्क दिए जायेंगे**

शौर्य गौड़ ने ताइक्वांडो में गोल्ड मैडल जीता

बीकानेर, (कासं)। आठ साल के शौर्य गौड़ ने अपनी मेहनत और जज्बे से ताइक्वांडो में बड़ा नाम कमाया है। पांच साल की उम्र में ताइक्वांडो की शुरूआत करने वाले शौर्य ने बीते 3 सालों में 8 मैडल जीतकर बीकानेर को गौरवान्वित किया है।

हाल ही में जयपुर में आयोजित सेकंड भारत नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024-25 में उन्होंने 18 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल अपने नाम किया। शौर्य ने 2022 में भारत ओपन चैंपियनशिप में ब्रॉंज मैडल जीतकर अपने सफर की शुरूआत की थी। इसके बाद उन्होंने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीते।

शौर्य ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने कोच वीरेंद्र योगी और हेमलता योगी को दिया। जिन्होंने उन्हें हर कदम पर मार्गदर्शन दिया। शौर्य बताते हैं कि जब वह पहली बार 5.5 साल की उम्र में जयपुर खेलने गया था, तब हेमलता योगी उन्हें गोद में उठाकर लेकर गई थीं और आज उन्हीं के मार्गदर्शन में उन्होंने नेशनल लेवल का गोल्ड मैडल जीता है। शौर्य के कोच ने बताया कि शौर्य गौड़ सिर्फ एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी ही नहीं बल्कि बेहद अनुशासित और मेहनती एथलीट भी हैं।

सार्वजनिक सूचना

मैं पाना पत्नी स्व. यासीन जाति मणियार निवासी वाल्मीकि बस्ती वार्ड नं. पुराना 32नया 45 चूरू मेरे चार पुत्र क्रमशः बाबू खां, उमरदीन, रफीक, रमजान व दो पुत्रियां मदीना व रूकसाना हैं। मेरा पुत्र बाबू खां अपाहिज है जो मेरे साथ रहता है। मेरा पुत्र उमरदीन जो कहने व सुनने में नही है तथा मेरी सेवा व संभाल भी नही करता है। जिसको मेने रिहायश के लिए जमीन भी दे रखी है, फिर भी उमरदीन मुझे तंग व परेशान करता है। अतः मैं अपनी समस्त चल व अचल संपति से मेरे पुत्र उमरदीन को बेदखल करती हूं। कोई भी व्यक्ति उससे किसी भी प्रकार का लेने देन या कोई संव्यवहार करेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उसमें मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।

पाना पत्नी स्व.यासीन मणियार निवासी वार्ड नं.32 पुराना व नया 45 चूरू (राज.)

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2025/ 3451 दिनांक : 31/01/2025

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संगीता कुमारी पत्नी श्री राजेश कुमार निवासी वार्ड नं. 7, 25 एमजेडी, बहराम पुरा बोदला, कालवासिया तहसील सादुलशहर जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 7 ई छोटी मुब्बा नं. 22 किला नं. 16 में माप 30 इन्यू 55 फीट भूखण्ड संख्या एफ-06, ग्रीन सिटी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 9992 दिनांक 14.02.2020 को श्रीमती चरणजीत कौर मान पत्नी श्री गुरजीत सिंह मान के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती संगीता कुमारी द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 27.10.2023 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्रीमती संगीता कुमारी पत्नी श्री राजेश कुमार निवासी वार्ड नं. 7, 25 एमजेडी, बहराम पुरा बोदला, कालवासिया तहसील सादुलशहर जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/ज्ञो लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो मुद्रन के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उज्र/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत का सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को अभ्यावेदन/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकाशन का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/ उज्र स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY24-25/MUT/1298 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर